जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

(Since 1969) www.jainjagruti.in



६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.

☎ : (०२०) २४२१५५८३

मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

❖ संस्थापक ❖

स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया

संपादिका : सौ. सुनंदा एस. चोरडिया

❖ वर्ष ५० वे ❖ अंक २ व ३ ❖ ऑक्टोबर-नोव्हेंबर २०१८ (संयुक्त अंक)

या अंकात पान नं.


- दीपावली पूजन विधी २३
- दीपावली पूजनाचे मुहूर्त ३१
- अप्प दीपो भव ३२
- पावापुरी जलमंदीर, पुणे - महोत्सव ३३
- ज्योति पर्व ४३
- ।। जिनेश्वरी ।।
  अध्याय ३० : तप मार्ग गति ५१
- महावीर के निर्वाण कल्याणक की प्रेरणाएँ ५६
- गुरु गौतम समरिये....
  गुरु गौतम स्वामी १० तथ्य ६७ ते १०३
- गुणस्वरुपा आठ लक्ष्मी १०३
- संकल्प दसऱ्याचा सकारात्मक गोष्टीचा १०४
- धर्माच्या कॉलम मध्ये जैन लिहा १०५
- वाचकांचे मनोगत - ५० वर्षात पदार्पण ११५
- फटाके फोडने से बंधनेवाले कर्म ११९
- घडवू या देखणं शिल्प १२०
- तप का सामर्थ्य हर एक में है १२१
- कार्तिक अमावस्या - दीपावली
  दिल की सच्ची दिवाली मनाएँ १३९
- सात कदम जो रखेंगे आपको खुश १४३
- वीतराग बनो १४८
- विराट जागरणा १५१
- दीपोत्सव १५७
- चलती रहे जिंदगी....
  मुस्कुराने की वजह तुम हो १५९
- कडवे प्रवचन १६९
- श्री आनंदऋषिजी हॉस्पिटल, अहमदनगर १७१
- चातुर्मास सूची - विमोचन १७२
- श्री. सतिशजी बनवट, पुणे - सन्मान १७२
- जैन कॉन्फ्रेस, दिल्ली - चुनाव १७३
- गौतमनिधी कलश - वडगाव शेरी १७३
- कोरा - पुणे शोरुम उद्घाटन १७४
- जैनीझम - अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, मुंबई १७५
- व्यापाऱ्यांची राज्यव्यापी परिषद, पुणे १७६

- दि पूना मर्चन्ट चेंबर – पुरस्कार १७७
- पुणे महानगर पालिका – आचार्य आनंदऋषिजी भवन भूमीपूजन १७९
- सुर्यदत्त ग्रुप, पुणे १८१
- लायन्स क्लब ऑफ पुणे गणेशखिंड ट्रस्ट – कवी संमेलन १८२
- जन आनंद ग्रुप – धान्यवाटप १८३
- श्री. प्रवीण चोरबेले, पुणे – समाजभूषण १८५
- श्री. विजय वल्लभ स्कूल, पुणे १८७
- संस्कार वाटिका की आवश्यकता १८८
- माँ–बाप को भूलना नहीं १८९
- यशस्वी होणं – आधी चालणं, मग पोचणं १९३
- जगाला अहिंसेचा संदेश देणारा अवलिया १९५
- उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी म.सा. २०३
- आतिशबाजी का सर्वत्र निषेध जरुरी २०५
- मृत्यु का महोत्सव बनाएँ २०७
- अरे माणसा माणसा २०८
- योग्य निवड २०९
- अ.भा. समग्र जैन सम्प्रदाय तुलनात्मक तालिका – २०१८ २११
- भव्य–दिव्य गाथा २१६
- हास्य जागृति २१७
- मांसाहार वैश्विक दृष्टी २१९
- दीप पर्व २२१
- चरण मंगल अधिवेशन, पुणे २२९
- सम्मेतशिखर तीर्थ – पुणे मोर्चा २३३
- विविध धार्मिक, सामाजिक व राजकिय बातम्या



जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर ❖ एका वर्षात तीन मोठ्या अंकासहित

| पंचवार्षिक | रु. २२०० | त्रिवार्षिक | रु. १३५० | वार्षिक | रु. ५०० रु. |
|---|---|---|---|---|---|

या अंकाची किंमत १०० रुपये.

- www.jainjagruti.in
- www.facebook.com/jainjagrutimagazine

जैन जागृति वर्गणी व जाहिरात – रोख/मनिऑर्डर/ड्राफ्ट/AT PAR चेक/ पुणे चेकने / RTGS / SBI Online / Jain Jagruti Website इत्यादी द्वारा पाठवावी.

**BANK ACCOUNT DETAILS - A/C Name : JAIN JAGRUTI**

**Bank : STATE BANK OF INDIA** **Branch : Market Yard, Pune 37.**

**Current A/c No. : 10521020146** **IFS Code : SBIN0006117**

'जैन जागृति' हे मासिक मालक, मुद्रक व प्रकाशक एस. के. चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, शॉप नं. १२–१३, पर्वती टॉवर्स, पुणे – ४११००९ येथे छापून ६२ बी, ऋतुराज सोसायटी, पुणे–सातारा रोड, पुणे – ४११ ०३७ येथे प्रसिध्द केले. संपादक – एस. के. चोरडिया

"Jain Jagruti" monthly magazine is owned, printed & published by S. K. Chordia, Printed at Prakash Offset, Shop No. 12-13, Parvati Towers, Pune 411009. Published at 62-B, Ruturaj Society, Pune - Satara Road, Pune - 411 037. Editor - S. K. Chordia



टिप : या अंकात प्रसिध्द झालेल्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवाईसाठी पुणे न्यायलय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

## जैन जागृति मासिकात जाहिरात व वर्गणीसाठी संपर्क करा

फोन (०२०) २४२१५५८३ **मो. संजय:९८२२०८६९९७ सुनंदा:९४२३५६२९९१,** **www.jainjagruti.in**

**Email : jainjagruti1969@gmail.com ● Press Email : prakash.offset@rediffmail.com**

## ◆ जैन जागृतिचे प्रतिनिधी ◆

❖ **भोसरी, चिंचवड, निगडी –** श्री. चांदमलजी लुंकड – फोन : २७११९९४९, मो. ९९२१९१९४०९
❖ **पुणे शहर ❖ कुर्डुवाडी –** श्री. सुभाष मोहनलाल लुणिया, मो. ८७९३०००८१
❖ **गुरूवार पेठ, पुणे –** श्री. जैन पुस्तक भंडार, फोन : २४४७२९५८
❖ **धनकवडी, पुणे –** श्री. सुरेंद्र हिरालालजी बोरा, मो. ७५८८९४३०१५
❖ **महावीर प्रतिष्ठान, पुणे –** निलम रमेशचंद्र शहा, मो. ९०९६८००५४७
❖ **सदाशिव पेठ परिसर, पुणे –** सौ. स्वाती राजेंद्रजी कटारिया, मो. : ९८८१२०४३९०
❖ **वडगाव शेरी, पुणे –** सौ. भारती सुभाष नहार, मो. : ९८९०२७८३४६
❖ **वडगाव मावळ, पुणे –** श्री. राजेंद्र बाफना, मो. ९८२२२६२९०१
❖ **खडकी, पुणे –** श्री. विलास मुथा, मो. ९६२३१४८९८४
❖ **औंध, पाषाण, हिंजवडी, सांगवी, थेरगाव –** श्री. शिरिषकुमार शांतीलालजी डुंगरवाल, मो. ९०२१३००५५९
❖ **दापोडी, पुणे –** श्री. प्रवीण झुंबरलालजी चोरडिया, मो. ९९२२७५७७०६
❖ **नांदेड सिटी, पुणे –** श्री. प्रकाशजी हरकचंदजी बोथरा, मो. ९०११९८३६६६
❖ **दौंड, श्रीगोंदा –** श्री. रविंद्र चेनसुखलालजी गुगळे – ९८९०७२३४०२
❖ **अहमदनगर –** श्री. महेश एम. मुनोत– मो. ९४२०६३९२३०
❖ **जामखेड, आष्टी व कर्जत तालुका –** श्री. प्रफुल शांतीलालजी सोलंकी – मो. ९४०३६८५६७७, ८०८७७०००७०
❖ **सोनई –** श्री. मदनलालजी सी. भळगट – फोन : ०२४२७-२३१४६१, मो. ९८८१४१४२१७
❖ **औरंगाबाद –** श्री. सुभाषचंदजी मांडोत-फोन: (०२४०) २३५३४३८ मो.: ९४२२७०५९२१
❖ **मुंबई** खारघर– श्री. मदनलालजी गांधी-मो. ९८२०५३६७९३
❖ **नाशिक –** श्री. पुखराजजी बाबुलालजी जैन (कवाड) फोन:०२५३-२३११००८,मो.९४२३९३९९९०
❖ **नाशिक –** मनोज लखीचंदजी खिंवसरा, रविवार पेठ, नाशिक. मो. ९७६२२२१५०५
❖ **बीड –** श्री. अतुलकुमार शरदचंद्रजी कोटेचा, मो. ९९६००२४२२४
❖ **गारगोटी** (जि. कोल्हापूर) श्री. श्रीकांत राजाराम शहा, मो. ९८६०१०७७९२
❖ **श्रीरामपूर –**श्री. निलेश सुवालालजी हिरण, मो. : ९३२६९७२७४७
❖ **बारामती–** डॉ. महावीर छगनलालजी संचेती, फोन : ०२११२-२२३८०७ मो.:९३२५००४९५०
❖ **अमळनेर, जि. जळगाव –** श्री. मयुरकुमार केवलचंदजी जैन, मो. ९४२२६५७१७७
❖ **जळगाव –** श्री. अनील कुचेरिया, मो. : ९७६३६४५०५५
❖ **धुळे –** श्री. चेतन सतिष कोटेचा, सुभाषनगर, धुळे, मो. ९४०४१९२४३४, ९४२०६६१४२६
❖ **शहादा, जि. नंदुरबार –** श्री. मनोजकुमार विरचंदजी बाफना, मो. ९४२१५२९६२६
❖ **इचलकरंजी, जि. कोल्हापूर –** श्री. पोपटलालजी बिसनदासजी गुगळे, मो. ९८२२६५०९९८
❖ **मिरज, जि. सांगली –** श्री. राजेंद्र वसंतलाल शहा, मो. ९४२११०५७४८
❖ **कोल्हापूर –** सौ. लता कांतीलालजी ओसवाल, मो. ९४२३२८६०१४ फोन.०२३१-२६९५४३३
❖ **सातारा व सातारा जिल्हा –** श्री. जयकुमार कांतीलाल शहा, वाठार, मो. – ७५८८५६१३२०, ९८५०१८२६४४

# दीपावली पूजन विधी

दीपावली हा दिव्याचा, तेजाचा, प्रकाशाचा, चैतन्याचा, आनंदाचा, उत्साहाचा, संकल्पाचा एक मंगलोत्सव. दीपावलीची अमावस्येचा दिवस म्हणजेच श्रमण भगवान महावीर स्वामींची निर्वाण रात्र. महावीर प्रभू याच रात्री पावापुरी मध्ये सर्व कर्मबंधन तोडून आणि देह सोडून मुक्त झाले. चतुर्दशी, अमावस्या आणि नवे वर्ष (कार्तिक शुद्ध प्रतिपदा) या तीन दिवसाचा हा उत्सव आहे. पौषध, उपवास आणि विशिष्ट जप-ध्याना करिता हा उत्सव अत्यंत महत्त्वाचा आहे. चतुर्दशी आणि अमावस्या या दोन दिवसा मध्ये उपवास केला जातो आणि भगवान महावीरांचा अंतिम उपदेश ज्या आगम ग्रंथात संग्रहीत केला आहे, त्या 'उत्तराध्ययन सूत्र'चे पठण, पाठण व श्रवण केले जाते. दीपावलीची सर्व रात्र महावीर प्रभूचे जाप ध्यान केले जाते. नव्या वर्षीच्या प्रात:काळी भगवान महावीरांचे प्रथम शिष्य ज्येष्ठ गणधर श्री गौतमस्वामी यांना केवलज्ञानाची सर्वज्ञाची प्राप्ती झाल्याने त्यांचे गुणगान केले जाते. अधिकांश जैन समाज आपल्या गुरुजनांच्या श्री मुखातून महाप्रभावशाली मंत्र गर्भित स्तोत्रांचे पठण तसेच गौतम स्वामींच्या मंगल रासाचे श्रवण करुन नव्या वर्षास प्रारंभ करतात.

---

## दीपावली पूजन विधी

सर्व प्रथम पुजेला बसणाऱ्या सर्वांनी मंगल भावासहित तीन नवकार महामंत्राचा उच्चार करावा.

**नमस्कार महामंत्र**

णमो अरिहंताणं, णमो सिध्दाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं,
एसो पंच णमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो,
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ।।

**तीर्थंकरांना वंदना**

समवसरणचे ध्यान करुन पूर्व व उत्तर दिशा मधील ईशान्य दिशेस तीर्थंकरांना वंदना करा.

**गुरुदेवांना वंदना**

आपण आपल्या गुरुदेवांना वंदना करा.

---

- शुभ मुहूर्तावर गादी अंथरुण त्यावर भगवान महावीर स्वामीजी, श्री गौतम स्वामीजी, श्री लक्ष्मी देवी, श्री सरस्वती देवी इ. चे फोटो पूर्व किंवा उत्तर दिशेला ठेवावेत.
- गादीवर नव्या वह्या, बिल बुके, चेक पुस्तक, सोने, चांदी किंवा धातुचे देवी-देवांचे शिक्के, दौत, पेन, पूजेसाठी लक्ष्मी व पूजेचे साहित्य ठेवावे.
- पूजेचे साहित्य - विड्याची देठासहित पाने, सुपारी, लवंग, विलायची, कुंकुम, वासक्षेप, अक्षदा (तांदूळ), श्रीफळ, फुले, तुपाचा दिवा, धूप, अगरबत्ती, जल, फळे, ऊस, नैवेद्य, लाह्या, बत्तासे, मोळी, आरती साठी कापूर इ.
- पुजा करणाऱ्यांनी तीन नवकार मंत्राचा जाप करून हातात मोळी बांधावी. सर्वांना कुंकूतिलक, अक्षदा लावावे.
- गादीच्या उजव्या बाजूस तुपाचा दिवा व डाव्या बाजूस धूप किंवा उदबत्ती लावावी.
- नवकार म्हणत-म्हणत दौत, लेखणी, दिवा, कळस, लक्ष्मी, ऊस इ. ना मोळी बांधावी.

**॥ ॐ अर्हम् नम: ॥**

**श्री**

**श्री श्री**

**श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री**

**श्री शुभ 卐 श्री लाभ**

**श्री आदिनाथाय नम: श्री शांतीनाथाय नम:**

**श्री पार्श्वनाथाय नम: श्री महावीराय नम:**

**श्री सद्‌गुरूभ्यो नम:**

श्री गौतमस्वामी की लब्धि, श्री भरतजी की ऋध्दि, श्री अभयकुमारकी बुध्दि, श्री कयवन्नाजीका सौभाग्य, श्री धन्ना शालिभद्रजीकी संपत्ति, श्री बाहुबलीजीका बल, तथा श्री श्रेयांसकुमार की दानवृत्ती प्राप्त होवे ! श्री जिनशासन की प्रभावना होवे !

॥ श्री सरस्वती देवी नम: ॥ श्री महालक्ष्मी देवी नम: ॥

**वीर संवत २५४५, विक्रम संवत २०७५**

**कार्तिक सुद १ गुरुवार दि. ८/११/२०१८**

**पूजन दिन बुधवार दि. ७/११/२०१८**

ॐ

卐

- नव्या वहीच्या पहिल्या पानावर शेजारील चौकोनातील मजकूर लिहावा.

चौकोनातील मजकुर वहीत लिहून झाल्यावर त्या खाली ओल्या कुंकवाने स्वस्तिक काढावे. नवीन वह्या, मागील वर्षाची अकाऊंटची एक वही, बिल बुके, चेक पुस्तक, लक्ष्मी इ. सर्वांवर विड्याची देठासहित एकावर एक दोन पाने ठेवावी व त्याच्या वर एक रुपया, सुपारी, लवंग, विलायची ठेवावी. वह्यांच्या चारी बाजूस हातात थोडे पाणी घेऊन फिरवावे. मग वासक्षेप कुंकुपुष्पमिश्रित तांदुळाचे दाणे हातात घेऊन पुढे दिलेला श्लोक व मंत्र म्हणावा -

**मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतम प्रभु: ।**
**मंगलं स्थूलीभद्राद्या, जैन धर्मोस्तु मंगलम् ।**

**मंत्र - ॐ आर्यावर्ते, आस्मिन् जंबूद्वीपे दक्षिणार्धभरते भरतक्षेत्रे-भारतदेशे (पूना) नगरे ममगृहे श्री शारदा देवी श्री लक्ष्मीदेवी आगच्छ आगच्छ, तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा ।**

त्या अक्षदा वहीवर टाकाव्या. त्यानंतर खालील स्तुती म्हणावी.

**॥ स्तुती ॥**

**स्वश्रीयं श्रीमद् अरिहंता, सिद्धः पुरीपदम्,**
**आचार्य: पंचधाचारं, वाचकां वाचनांवराम्।**
**साधव: सिद्धी साहाय्यं वितन्वन्तु विवेकिनाम्,**
**मंगलानां च सर्वेषां, आद्यं भवति मंगलम् ।**
**अर्हमित्यक्षरं माया, बीजं च प्रणवाक्षरम्,**
**एवं नाना स्वरूपं च, ध्येयं ध्यायन्ति योगिन:।**
**हृत्पदं षोडशदलं, स्थापितं षोडशाक्षरम्**
**परमेष्ठिस्तुते बीजं, ध्यायेक्षरदूरदं मुदा ।**
**मंत्रणामादिमं मंत्रं, तंत्र विघ्नौघ निग्रहे,**
**ये स्मरन्ति सदैवेनं, ते भवन्ति जिन प्रभा ॥**

त्यानंतर खालील मंत्र म्हणत **जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, अक्षदा (तांदुळ), फळे, नैवेद्य** या आठ वस्तूंनी वहीपूजन करावे.

ॐ ऱ्हीं श्री भगवत्यै, केवलज्ञान स्वरूपायै, लोकालोक प्रकाशिकायै, सरस्वत्यै, लक्ष्मयै (जलं) समर्पयामि स्वाहा ।

(दुसऱ्यांदा परत हाच श्लोक म्हणत जलं च्या ऐवजी चंदनं म्हणावे. अशाप्रकारे आठही वस्तुंची नावे घेत आठ वेळा हा श्लोक म्हणावा.)

पूजा करणाऱ्या सर्वांनी उभे राहून खालील स्तोत्र व प्रार्थना म्हणावी-

**।। श्री सरस्वती स्तोत्र ।।**

**सकल लोक सुसेवित पंकजा**
**वर यशोर्जित शारद कौमुदी,**
**निखिल कल्मष नाशन तत्परा**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**कमल गर्भ विराजित भूधना,**
**मणि किरीट सुशोभित मस्तका,**
**कनक कुंडल भूषित कर्णिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**वसुहरिद् गज संस्नपितेश्वरी**
**विधृत सोमकला जगदीश्वरी,**
**जलज पत्र समान विलोचना**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**निज सुधैर्य जितामर भूधरा,**
**निहित पुष्कर वृंदल सत्कारा**
**समुदितार्क सदृतनु बल्लिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**
**विविध वांछित कामदुधाद्भूता,**
**विशद पद्म ह्रदान्तर वासिनी**
**सुमति सागर वर्धन चंद्रिका,**
**जयतु सा जगतां जननी सदा ।।**

**।। श्री लक्ष्मी स्तोत्र ।।**

**नमोस्तुते महालक्ष्मी महासौख्य प्रदायिनी**
**सर्वदा देही मे द्रव्यं, दानाय मुक्ती हेतवे ।। १ ।।**
**धनं धान्य धरां हर्ष, कीर्तिम्, आयु: यश: श्रियम्**
**वाहनाम् दन्तिन् पुत्रान, महालक्ष्मी प्रयच्छ मे ।।२।।**
**यन्मया वांछितं देवी, तत्सर्वं सफलं कुरू**
**न बान्ध्यन्ता कुकर्माणि, संकटान्मे निवारय ।।३।।**

**।। प्रार्थना ।।**

**सुंदर आरोग्य निवास करे दृढ तन में ।**
**आशा, उत्साह, उमंग भरे शुचि मन में ।**
**न हो अनुचित योग प्रयोग धन साधन में ।**
**उत्कृष्ट उच्च आदर्श जगे जीवन में ।**
**तम मिटे, ज्ञानकी ज्योति जगत में छाये ।**
**प्रभु ! दिव्य दिवाली भव्य भाव भर लाये ।**

ही प्रार्थना झाल्यावर एका थाळीत दिवा घेऊन खालील आरती म्हणावी.

**।। आरती ।।**

**सकल जिनंद नमी करी, जिनवाणी मन लाय ।**
**सरस्वति लक्ष्मी करू आरती, आतम सुगुरू पसाय ।।**
**ज्ञान जगत में सार हैं । ज्ञान परम हितकार ।**
**ज्ञान सूर्य से होता है, दुरित तिमिर अपहार ।।**
**श्री सरस्वती प्रभाव से, लहे जगत सम्मान ।**
**ज्ञान बिना पशु सारिखा, पावे अति अपमान ।।**
**श्रद्धा मूल क्रिया कही, ज्ञान मूल है तास ।**
**पावे शिव सुख आतमा, इससे अविचल वास ।।**
**अष्टमपद विशति पदे, सप्तम नवपद ज्ञान ।**
**तीर्थंकर पदवी लहे, आराधक भगवान ।।**

आरती झाल्यावर खालील अष्टदोहे म्हणावेत.

**।। अष्टदोहे ।।**

**अंगुष्ठे अमृत वसे लब्धितणा भंडार ।**
**जय गुरू गौतम समरिये, वांछित फल दातार ।।१।।**
**प्रभू वचने त्रिपदी लही, सूत्र रचे तेणीवार ।**
**चऊदह पूरब माँ रचे, लोकालोक विचार ।।२।।**
**भगवति सूत्र कर नमी, बंभी लिपी जयकार ।**
**लोकलोकोत्तर सुख भणी, वाणी लिपी अढार ।।३।।**
**वीर प्रभू सुखिया थया, दिवाली दिन सार ।**
**अंतर महूरत तत्क्षणे, सुखिया सहू संसार ।।४।।**

केवलज्ञान लहे सदा, श्री गौतम गणधार ।
सुरनर पर्षदा आगले घट अभिषेक उदार ।।५।।
सुरवर पर्षदा आगले, भाखे श्री श्रुतनाण ।
नाण थकी जग जाणिये, द्रव्यादिक चौठाण ।।६।।
ते श्रुतज्ञान ने पुजिये, दीप धूप मनोहार ।
वीर आगम अविचल रहो, वर्ष एकवीस हजार ।।७।।
गुरू गौतम अष्टक कही, आणि हर्ष उल्लास ।
भाव भरी जे समरशे, पुरे सरस्वती आस ।।८।।

### ।। लोगस्स (चउव्वीसत्थव) का पाठ ।।

लोगस्स उज्जोयगरे, धम्मतित्थयरे जिणे ।
अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसं पि केवली ।।१।।
उसभमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ।।२।।
सुविहिं च पुप्फदंतं, सीयल सिज्जंच वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं च जिणं, धम्मं संतिं च वंदामि ।।३।।
कुंथुं अरं च मल्लिं, वंदे मुणिसुव्वयं नमिजिणं चं।
वंदामि रिट्ठनेमि, पासं तह वध्दमाणं च ।।४।।
एवं मए अभित्थुआ, विहुयरयमला पहीणजरमरणा।
चउवीसंपि जिणवरा. तित्थयरा में पसीयंतु ।।५।।
कित्तियवंदिय महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा।
आरुग्गबोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु ।।६।।
चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा।
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ।।७।।

### ।। नमोत्थुणं का पाठ ।। (२ बार)

नमोत्थुणं अरिहंताणं, भगवंताणं, आइगराणं, तित्थयराणं, संय-संबुध्दाणं, परिसुत्तमाणं पुरिस-सीहाणं, पुरिस-वर-पुण्डरीयाणं, पुरिसवरगंध-हत्थीण, लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोगहियाणं, लोगपईवाणं, लोगपज्जोयगराणं, अभयदयाणं, चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं, सरणदयाणं, जीवदयाणं, बोहिदयाणं, धम्मदयाणं, धम्मदेसियाणं, धम्मणायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टीणं दीवोत्ताणं, सरणगइपइट्ठाणं, अप्पडिहयवरनाणदंसणधराणं, विअट्टछउमाणं, जिणाणं जावयाणं, तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धाणं बोहयाणं, मुत्ताणं मोयगाणं, सव्वन्नूणं, सव्वदरिसीणं, सिव-मयल-मरुअ-मणंत-मक्खय-मव्वाबाह-मपुणराविति-सिद्धिगइ-नामधेयं ठाणं संपत्ताणं नमो जिणाणं जियभयाणं।

(दूसरे में - ठाणं संपाविउकामाणं णमो जिणाणं जियभयाणं)

### ।। मंगलपाठ ।।

चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं । चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो । चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरिहंते-सरणं पव्वज्जामि, सिद्धे-सरणं पव्वज्जामि, साहू-सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तधम्मं सरणं पव्वज्जामि। अरिहंतो का शरणा, सिद्धों का शरणा, साधुओं का शरणा, केवलिप्ररुपित दयाधर्म का शरणा। चार शरणा, दुर्गति हरणा और शरणा नहीं कोय, जो भवी प्राणी आदरे तो अक्षय अमरपद होय ।

अंगुष्ठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार ।
श्रीगुरु गौतम सुमरिये, मनवांछित फलदातार।
भावे भावना भाविये, भावे दीजे दान ।
भावे धर्म आराधिये, भावे केवलज्ञान ।
पावे पद निर्वाण ।।

येथे दीपावलीची विधी पूर्ण होते. ●

---

परंतु दीपावलीचा दिवस हा भगवान महावीरांच्या निर्वाणाचा दिवस आहे. त्या दृष्टिने प्रभूच्या फोटोसमोर दीप व धूप लावून रात्री खालील जपाच्या वीस माळा जपाव्यात.

**ॐ ऱ्हीं श्री महावीर स्वामी सर्वज्ञाय नम:**

त्यानंतर खालील जपाच्या वीस माळा जपाव्यात

**ॐ ऱ्हीं श्री महावीर स्वामी पारंगताय नम:**

ज्यांना या ४० माळा जपणे शक्य नसेल, त्यांनी यथाशक्ती जाप करावा.

कार्तिक शुद्ध प्रतिपदेस पहाटे स्नान करून ३ नमस्कार महामंत्राचा जाप करून नंतर,

**ॐ ऱ्हीं श्री गौतमस्वामी केवलज्ञानाय नम:**

या वीस माळा जपाव्यात.

त्यानंतर पुढील प्रार्थना म्हणावी.

**कुंदिंदुगोखीर तुसार वन्ना**
**सरोज हत्था कमले निसन्ना**
**वाएसिरी पुत्थय वग्ग हत्था**
**सुहायसा अम्ह सया पसथ्था**

या प्रार्थनेनंतर शक्ति तेज विद्या संपदाचा महान ओजस्वी मंत्र

**ॐ ऱ्हीं ॐ**

च्या वीस माळा जपाव्यात.

जैन मंदिरात जाऊन प्रभूचे दर्शन घ्यावे किंवा स्थानकात, उपाश्रयात जाऊन मुनिराजाचे दर्शन करून मंगलीक श्रवण करून यावे. कार्तिक शुद्ध प्रतिपदेस श्री गौतम स्वामींना केवलज्ञान झालेले आहे. त्यासाठी पहाटे गौतम रासाचे अवश्य श्रवण करावे. ●

## सन २०१८ चे दीपावली पूजनाचे मुहूर्त

❖ **पुष्प नक्षत्र : आश्विन (मारवाडी मिति कार्तिक) वद्द ७**

**बुधवार दि. ३१-१०-२०१८ :** सकाळी ६.३० ते ८ लाभ, ८ ते ९.३० अमृत
दुपारी ११ ते १२.३० शुभ, ३.३० ते ५ चल, ५ ते ६.३० लाभ
रात्री ८ ते ९.३० शुभ, ९.३० ते ११ अमृत

❖ **धनत्रयोदशी : (धनतेरस) आश्विन (मारवाडी मिति कार्तिक) वद्द १३**

**सोमवार दि. ५-११-२०१८ :** सकाळी ६.३० ते ८ अमृत, ९.३० ते ११ शुभ
दुपारी २ ते ३.३० चल, ३.३० ते ५ लाभ, सायंकाळी ५.०० ते ६.३० अमृत, ६.३० ते ८ चल, रात्री ११ ते ११.४५ लाभ

❖ **महालक्ष्मी पूजन (दीपावली वही पूजन) : आश्विन (मारवाडी मिति कार्तिक) वद्द ३०**

**बुधवार दि. ७-११-२०१८ :** सकाळी ६.३० ते ८.०० लाभ, ८ ते ९.३० अमृत,
दुपारी ११ ते १२.३० शुभ, ३.३० ते ५ चल, ५ ते ६.३० लाभ,
रात्री ८ ते ९.३० शुभ, ९.३० ते ११ अमृत

वृषभ लग्न कुंभ नवमांश सायंकाळी ६.४१ ते ६.५३, वृषभ लग्न वृषभ नवमांश सायं. ७.१९ ते ७.३०
वृषभ लग्न सिंह नवमांश रात्री ८.०० ते ८.१४

❖ **नूतन वर्ष : वीर संवत २५४५, विक्रम संवत २०७५, कार्तिक शु।। १**

**गुरुवार दि. ८-११-२०१८ :** सकाळी ६.३० ते ८.०० शुभ, दुपारी ११ ते १२.३० चल
१२.३० ते २ लाभ, २ ते ३.३० अमृत
सायंकाळी ५.०० ते ६.३० शुभ, ६.३० ते ८.०० अमृत

**श्री शुभम् भवतु !**

**प्रेषक : नवीनकुमार बी. शहा** - २३० पाटील प्लाझा, मित्र मंडळ चौक, पुणे ९. मो. ९८२२०९०३३९
**पं. भवरलाल, पुरूषोत्तम दायमा** १३०६ रविवार पेठ, पुणे-२. फोन २४४७४८३५, मो. ९२७३७५१३४६

# ज्योति पर्व

**लेखक : उपाध्याय अमरमुनि**

भारतवर्ष की महान संस्कृति एवं उज्ज्वल परंपरा में दीपावली का महत्वपूर्ण स्थान है । दीपमाला में सिर्फ एक ही ज्योतिर्मय दीप नहीं, दीपों की आवलियाँ, पंक्तियाँ है । एक के बाद एक श्रेणीबद्ध दीप प्रज्वलित हैं । इसलिए दीपमाला और दीपावली एक ही है । आवली का अर्थ है - पंक्ति, श्रृंखला अत: दीपावली ज्योति का पर्व है, प्रकाश पर्व है । इस ज्योति पर्व के साथ इतिहास की महत्वपूर्ण कड़ियाँ, स्वर्णिम श्रृंखला जुड़ी हैं ।

एक ज्योतिर्मय व्यक्तित्व, जो इतिहास का एक चमकता दमकता अद्‌भुत रत्नचिन्तामणि इस पर्व के साथ संबंधित है, वह है श्रमण भगवान महावीर वह महान् विशाल एवं विराट् आत्मा, अनंत ज्योतिर्मय आत्मा, जिसका हर गुण अनंत है । उस उज्ज्वल एवं विराट् पुरूष का दर्शन अनंत है । ज्ञान अनंत है, चारित्र अनंत है, वीर्य (शक्ति) भी अनंत है और सुख, शान्ति एवं आनन्द भी अनंत है । छोटेसे बिन्दु से उसने अन्तर यात्रा शुरू की, लेकिन जब वह साधना पथ पर चल पड़ा, तो बिन्दु से सिन्धु बनता गया । सागर-सा विशाल विराट् होते-होते एक दिन श्रमण महावीर तीर्थंकर, सर्वज्ञ सर्वदर्शी के रूप में पूर्ण ज्योतिर्मय हो गया ।

सागर विराट है महान है उसमें अपार जलराशि है। अत: उसे अपार भी कहा है । परन्तु धरती पर उसकी भी सीमाएँ हैं, मर्यादाएँ हैं । कोई भी सागर, कितना ही विशाल क्यों न हो, अपार नहीं हैं । ऐसा कोई सागर नहीं है, जिसे पार नहीं किया जा सके । परन्तु वह महान ज्योतिर्मय चेतना, जो बूँद के रूप में थी, विराट् होते-होते अनंत हो गई, अपार हो गई । न उसके ज्ञान की थाह पाई जा सकती है और न दर्शन एवं चारित्र की । जो अनंत है, अथाह है, उसका किनारा पा सकना कठिन ही नहीं, असंभव है । वह विराट ज्योतिर्मय आत्मा अर्हन्त के रूप में तीस वर्ष तक धरती के प्राणियों के कल्याण के लिए, उनकी रक्षा एवं दया के लिए महानदी गंगा की तरह निरन्तर प्रवाहमान रही । उस महाज्योति के जिधर भी चरण पड़े उधर ही गाँव-गाँव में, नगर-नगर में, घर-घर में झोपड़ी से लेकर राजमहालों तक में ज्योति प्रज्वलित होती गई । उस महाज्योति ने ऋषि, महर्षि, मुनि, त्यागी, तपस्वी, विद्वान मनीषियों को ज्ञान की आँख दी, निज स्वरूप को देखने परखने एवं समझने की दृष्टि दी । जो अनंतकाल से मोह के, अज्ञान के अन्धकार में भटक रहे थे, उन्हें चेतना के उर्ध्व विकास की सही राह दिखाई । इस प्रकार वह ज्योतिर्मय आत्मा तीस वर्ष तक निरन्तर प्रकाश देती रही ।

पावापुरी के अंतिम वर्षावास में श्रावण, भाद्रपद और आश्विन के पूरे तीन मास और कार्तिक के एक पक्ष तक उनकी ज्ञान गंगा का प्रवाह निर्बाध गति से बहता रहा । कार्तिक कृष्णा अमावस्या अर्थात् दीवाली के दिन उस महान् आत्मा ने अर्हन्त अवस्था से ऊँची अवस्था को प्राप्त किया, जिसे हम सिद्ध अवस्था कहते हैं, जहाँ पहुँचने के बाद आत्मा वापस लौटती नहीं । उस ऊँचाई को उसने छू लिया, जिसके आगे और ऊँचाई है नहीं । इसलिए उसे लोकान्त कहा है । उसके आगे लोक है नहीं और पीछे हटने का, नीचे गिरने का प्रश्न ही नहीं है । इस प्रकार सिद्धत्व की महान् भूमिका प्राप्त की महाप्रभु महावीर ने ।

दीपावली का यह ज्योति पर्व उस महान आत्मा

की, जगत बन्धु की, जगत् गुरू की स्मृति में मना रहे हैं महान आचार्य श्रुत केवली श्री भद्रबाहु ने जो कि ज्ञान का गर्जता हुआ विराट् सागर है, कल्पसूत्र में कहा है । निर्वाण के समय भगवान महावीर के अंतिम समवसरण में उपस्थित राजाओ ने यह निर्णय लिया कि भाव उद्योत, भाव-प्रकाश, भाव-ज्योति आज हमारे बीच से चली गई है, अत: उस ज्योति के प्रतीक के रूप में द्रव्य उद्योत किया जाए द्रव्य प्रकाश किया जाए। उस समय नव मल्ली और नव लिच्छवी १८ गणराज्यों के राजा भगवान की अंतिम देशना सुनने और उनके अंतिम दर्शन करने के लिए वहाँ उपस्थित थे । उन्होंने रत्नदिप प्रज्वलित करके द्रव्य उद्योत किया है । बात यह है कि भाव ज्योति को जगाने की स्मृति के लिए द्रव्य ज्योति एक प्रतीक है । और तत्कालीन वे ज्ञान ज्योति के प्रतीक रत्न दीप भी आज नहीं रहे, पर मिट्टी के दीए आज भी जल रहे हैं। इस प्रकार जैन इतिहास के अनुसार दिपावली को ज्योति पर्व का रूप श्रमण भगवान महवीर के निर्वाण दिवस से मिला । राजाओं ने रत्नदिप प्रज्वलित किये, और ज्योति-पर्व प्रारम्भ हो गया । देवों ने, देवियों ने, अप्सराओं ने, यक्षों ने, गंधर्वों ने रत्नों की ज्योति से पावापुरी के कण-कण को आलोकित कर दिया, जगमगा दिया और तब से यह ज्योति पर्व की परम्परा जन जीवन में प्रवाहित हो गई, जो आज भी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ प्रवहमान है ।

यह ज्योति पर्व बहुत सी स्मृतियाँ लिए हुए है । इस पर्व के साथ इतिहास की अनेक कड़ियाँ जुड़ी हुई है । अनेक महापुरूषों के जीवन की गाथाएँ इससे संबद्ध है, परन्तु मुख्य रूप से दो बातें हैं, जिन्हें ध्यान में रखना है । एक तो यह है कि वह ज्योति पर्व है । संसार में सबसे अधिक डरावना एवं भयावना अंधकार होता है, जितने कुकृत्य होते हैं, जितनी बुराईयों पनपती हैं, वे अंधकार में ही पनपती है । और तो क्या मच्छर, खटमल आदि क्षुद्र प्राणी भी रात को काटते हैं, सताते हैं, जितने भी क्रूर पशु-पक्षी हैं, वे भी रात में विचरण करते हैं, चोर डाकु लुटेरे आदि भी अंधेरे में ही दुष्कर्म करते हैं । इस प्रकार बाहर का अंधकार भयावना है, वह पापों का, दुष्कर्मों का केन्द्र बन जाता है ।

इस अंधकार से भी अधिक भयंकर अंधकार वह है, जो मनुष्य के मन में रहता है मानव-मन में जब मोह का, अज्ञान का अंधकार होता है, तो व्यक्ति इधर-उधर ठोकरें खाता फिरता है । उस अंदर के अंधकार में क्रोध पनपने लगता है, अहंकार बढ़ने लगता है, माया छल कपट एवं लोभ आदि दुर्गुणों का विस्तार होने लगता है । समस्त दोष, वासनाएँ एवं विकारों का जन्म अंधकार में ही होता है । इसलिए मोह का, अज्ञान का अंध:कार समस्त पापों की जड़ है।

बाहर का अंधकार भी काफी भयंकर है, पर उसकी कुछ सीमाएँ है और उसमें अपकर्म करनेवाले जो दुष्कर्मी हैं, संभव है, पुलिस की सूची में उनका अतापता कभी कभार मिल भी जाता है, किन्तु जो अन्दर के चोर हैं, डाकू हैं, उनका अता पता लगाना गुप्तचर पुलिस के लिए भी कठिन ही नहीं, असंभव है। और, वे अन्दर के चोर उचक्के दस बीस या सौ दो सौ नहीं, असंख्य हैं। भगवान महावीर ने कहा था कि उनके असंख्य रूप हैं, अनंत रूप हैं । अभिप्राय यह है कि ये हजारों-हजार दुर्गुण क्यों पनपते हैं ? यह क्रोध क्यों आता है ? मन में अहंकार का नाग क्यों फुंफकार उठता है ? माया, छल, कपट एवं लोभ की पिशाचनी अपना जाल क्यों फैलाती है ? क्योंकि मन में अज्ञान का, मोह का अंधेरा है । और ये समस्त विकार अंधेरे में पनपते हैं । अत: प्रकाश जरूरी है । इसी तरह अन्दर के जीवन में भी जब ज्ञान का दिव्य आलोक फैलना शुरू होता है, तो साधक आध्यात्मिक विकास पथ पर गतिशील हो जाता है ।

फिर अन्तर्मन में भुनभुनाते मच्छरों का कहीं पता नहीं चलता कि वे कहाँ जा छिपे । सभी तरह के क्षुद्र एवं क्रुर मनोविकार विलुप्त हो जाते हैं । यह ज्ञान की अनन्त ज्योति जब श्रमण भगवान महावीर के अन्तर जीवन में प्रज्वलित हुई, तो उनके समस्त विकार नष्ट हो गए । प्रभु महावीर कहते हैं कि पाप वासनाएँ एवं मनोविकार तभी तक पनपते हैं, जब तक अन्तर जीवन में सम्यक् ज्ञान का दीप नहीं जलता ।

श्रमण भगवान महावीर के अन्तर जीवन में अनन्त ज्योतिर्मय ज्ञान का सूर्य प्रकट हुआ, तब सिर्फ उनका ही अंधेरा दूर नहीं हुआ । प्रत्युत लाखों लोगों के मन का अंधेरा भी उनके ज्योतिर्मय दिशा- निर्देशन में टूट कर समाप्त हुआ । अनन्त काल से चले आ रहे लाखों लोख अंधो को ज्योति मिली, अपने पथ के अवलोकन की दृष्टि मिली । इसीलिए भगवान के लिए हम कहते हैं 'लोग पज्जोयगराणं' और 'चक्खुदयाणं' आप लोक में प्रकाश करनेवाले, ज्योति फैलानेवाले तथा अन्धों को चक्षु (दृष्टि) देनेवाले महान् गुरू हैं । प्रभु की ज्योतिर्मय वाणी अज्ञान के, मोह के अंधेरे में इधर-उधर भटकते, दर-दर की ठोकरें खाते फिरते व्यक्ति की आँखें खोल देती है । इसलिए महाप्रभु महावीर की वाणी का स्वाध्याय करें और उस पर चिन्तन मनन करें, तो आपको वह दिव्य दृष्टि मिलेगी, जिसमें आपके अन्दर की अनंत ज्योति अनावृत होती चली जाएगी ।

आपका शरीर, आपकी इन्द्रियाँ, जो कर्म करती है, रात दिन कर्म में लगी रहती है, उन्हें निर्देशन कौन देता है, उनका संचालन कौन करता है ? आपका मन ही उनका संचालक है । मन जब कहता है चलो, तो आपके कदम मार्ग पर गतिशील हो जाते हैं और उसका आदेश मिलता है ठहरो, तो तुरन्त कदमों की गति रूक जाती है । मन कहता है, खाओ, तो आप खाने लगते हैं वह कहता है, गुस्सा करो तो आपके नेत्र आरक्त हो जाते हैं, अंगारे की तरह आग उगलने लगते हैं, मुँह से कठोर शब्द बाणों की बौछार होने लगती है । मन कहता है, क्षमा करो, शान्ति रखो, तो आपके हृदय से क्षमा की, शान्ति की शीतल धारा बह निकलती है । इस प्रकारे सारे चक्र का, शरीर एवं इन्द्रियों से होनेवाली समस्त प्रवृत्तियों का संचालक मन है । परन्तु, मन का सूचना केन्द्र कौन है ? उसे दिशा-निर्देशन कहाँ से मिलता है ? मन का सूचना केन्द्र है महापुरूषों की वाणी । उसे जितनी अच्छी सूचनाएँ मिलती है, वे सब महाप्रभु की वाणी से मिलती है । और, जो गलत सूचनाएँ मिलती है, वे मिलती है स्वार्थ, मोह एवं वासनाओं के शैतानों से, जो साधक को इधर-उधर भटका देती है । इसलिए आवश्यक यह है कि आप चिन्तन पूर्वक प्रभु वाणी का स्वाध्याय करें ।

ढाई हजार वर्ष पूर्व महाप्रभु महावीर ने जन-मन को अहिंसा का, करूणा का, सत्य का निर्देशन दिया था । प्रेम का, स्नेह का, क्षमा का, सहिष्णुता का निर्देशन दिया था मानव के अबोध मन को । वह निर्देशन ऐसा था कि यदि व्यक्ति एकान्त में साधना कर रहा है, तो वहाँ भी आनन्द के क्षीर सागर में डुबकियाँ लगनी शुरू हो जाती है, परिवार में है, तो परिवार के साथ आनन्द का उपभोग कर सकता है । समाज और राष्ट्र में रह रहा है, तो समाज एवं राष्ट्र के व्यक्तियों को प्रेम स्नेह एवं आनन्द बाँटता हुआ सुप्रसन्न जीवन यात्रा कर सकता है । वह कहीं भी क्यों न रहे भले ही राजमहल हो या टूटी फूटी घास की झोंपड़ी, सर्वत्र आनन्द में रह सकता है । भगवान के निर्देशन के अनुसार जीवन-यात्रा करनेवाला साधक एक नयी दृष्टि का, एक अद्‌भुत सृष्टि का निर्माण करता है । उस सृष्टि के सामने स्वर्ग का राज्य, इन्द्र का सिंहासन भी धूमिल हो जाता है । वह संसार के सब तरह के अंधेरों को चीरता हुआ प्रभु वाणी के आलोक में विकास यात्रा पर निरन्तर बढ़ता जाता है । वह प्रभु से और कुछ नहीं चाहता, केवल ज्योति चाहता है, सत्य

का आलोक चाहता है, ज्ञान का प्रकाश चाहता है, जीवन का अमृत चाहता है ।

''असतो मा सद् गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय ।''

हे प्रभो ! मुझे असत् से सत् में ले चलो, मुझे अंधकार से ज्योति में ले चलो, और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलो ।

भारतीय जन ज्योति के प्रतीक के रूप में दीप जलाकर प्रकाश की उपासना करते हैं और लक्ष्मी की पूजा करते हैं । लक्ष्मी की ही नहीं, महालक्ष्मी की पूजा करते हैं । महालक्ष्मी शब्द में जो महान शब्द का विशेषण है, वह महत्वपूर्ण है । सिर्फ लक्ष्मी ही नहीं, महालक्ष्मी चाहिए । महालक्ष्मी की उपासना का अर्थ है - जीवन की समस्त तन की, मन की और अर्थ की (जीवनोपयोगी भौतिक साधनों की) दरिद्रता सामप्त हो जाए । दरिद्रता भले ही वह किसी भी प्रकार की क्यों न हो, भयंकर होती है । दरिद्रता के अनेक रूप है । सिर्फ पैसे का, अर्थ का अभाव ही दरिद्रता नहीं है । तन की दरीद्रता भी जीवन विकास के लिए एक अभिशाप हैं तन अस्वस्थ है, जर्जर है, दुर्बल है न तो वह ठण्डी हवा का झोंका सह सकता है और न गर्म हवा का । उस दरिद्र की स्थिति बड़ी नाजुक होती है। यदि रोटी का एक टुकड़ा ज्यादा खा लिया तो रात भर, दिन भर परेशान और एक टुकड़ा कम खा लिया तब भी क्षुधा से परेशान । विचित्र स्थिति है तप की दरिद्रता की । महालक्ष्मी का आह्वान इसलिए है कि हमारे तन की दरिद्रता भी दूर हो । भगवान महावीर ने भी धर्म साधना के लिए स्वस्थ और सशक्त तन की बात कही है । कुछ लोग कहते हैं कि भगवान वीतराग थे, उन्हें संसार से क्या लेना देना है ? और शरीर की स्वस्थता अस्वस्थता से उन्हें क्या अपेक्षा है ?

आगम में एक प्रश्न है मुक्त कौन होगा ? उत्तर में भगवान महावीर ने कहा कि मुक्ति के लिए वज्रऋषभनाराच संहनन अर्थात् वज्र जैसे दृढ़ एवं सशक्त शरीर का होना आवश्यक है। अन्तर चेतना का महत्व तो है ही, उसके बिना आध्यात्मिकता हो ही नहीं सकती । परन्तु, उसके विकास के लिए शरीर की संपन्नता का भी महत्व है । वज्र जैसा दृढ़ एवं स्वस्थ शरीर ही अध्यात्म के द्वार खोल सकता है । जिनके शरीर गले सड़े हैं, इन्द्रियाँ अपूर्ण या शिथिल हैं, वे क्या तो धर्म के द्वार खोलेंगे, वे क्या साधना पथ पर गति करेंगे और वे क्या मुक्ति पथ पर बढ़ सकेंगे ? इसलिए तन का दरिद्र अर्थात् शरीर से अस्वस्थ, कमजोर एवं जर्जर व्यक्ति क्या कर सकता है ? वह कुछ भी तो नहीं कर सकता, वह न धर्म कर सकता है और न कर्म । बात यह है कि गिर गया, तो उसके लिए पुन: खड़ा होना कठिन है, बैठ गया तो उठने की मुसीबत है । ऐसा जीवन किसी काम का नहीं होता । इसलिए भक्त प्रभु से प्रार्थना करता है कि तन की दरिद्रता दूर हो । तन स्वस्थ रहे, सशक्त रहे कहावत है स्वस्थ तन में स्वस्थ मन रहता है । तन अस्वस्थ है, तो मन भी अस्वस्थ एवं गिरा गिरा रहता है ।

एक और दरिद्रता है । वह है, बुद्धि की दरिद्रता, विवेक की दरिद्रता । तन तो देवों जैसा बड़ा सुन्दर एवं पहलवान जैसा मजबुत मिल जाता है, परन्तु मस्तिष्क में सोचने समझने की बुद्धि का, विवेक का दिवाला निकला रहता है । शरीर हृष्ट-पुष्ट है, पर खोपड़ी को देखो, तो उसमें गोबर भरा रहता है । बौध्दिक दरिद्रता स्वयं अपने लिए ही नहीं, समाज, परिवार एवं राष्ट्र के लिए भी घातक है । न तो वह अपने जीवन को सही दिशा में गतिशील रख सकता है और न परिवार, समाज, संघ एवं राष्ट्र के हित के लिए कुछ कर सकता है । बुद्धिहीन एवं विवेक शून्य जीवन वास्तव में जीवन ही नहीं है । वह बहुत भयंकर एवं खतरनाक जीवन होता है अपने लिए भी और परिवार समाज एवं राष्ट्र के लिए भी । इसीलिए भक्त परम ज्योर्तिमय महाप्रभु से प्रार्थना करता है कि मेरी बुद्धि की दरिद्रता समाप्त हो,

मैं बुद्धि सम्पन्न एवं विवेक सम्पन्न बनूँ। ''धियो योन: प्रचोदयात्'' हमारी बुद्धि एवं विवेक सदा जागृत रहें, सही दिशा में गतिशिल हो और आनन्द का वातावरण तैयार कर सके। वह स्वयं के लिए भी आनंदवर्षी हो और वह जहाँ भी खडा हो जाए, वहाँ आनन्द की गंगा बह जाए, धरती पर स्वर्ग उतर जाए। भगवान के लिए कहा जाता है कि वे जहाँ जहाँ कदम रखते थे, वहाँ-वहाँ स्वर्ण कमल खिल जाते थे। आज भी आप भक्तामर स्तोत्र में पढ़ते है।

''उन्निद्रहेम-नवपंकजपुन्जकान्ती, पर्युल्लसन् नखमयूखशिखाभिरामौ।

पौदा पदानि तव यत्र जिनेन्द्र ! धत्त; पद्मानि तत्र विबुधा: परिकल्पयन्ति।''

आचार्य मानतुंग ने बहुत ऊँचाई से बहुत ही सुन्दर बात कही है। प्रभु का जीवन तो ऊँचाई पर है ही। वे जहाँ कदम रखते हैं, वहाँ कमल खिलते ही हैं। परन्तु प्रभु के धर्मपुत्र भी जहाँ पर कदम धरते हैं, वहाँ क्या होता है ? वहाँ भी कमल खिलने चाहिए। अभिप्राय यह है कि प्रभु का बेटा साधक भी विवेक सम्पन्न है, बुध्दि का धनी है। अत: वह विवेकपूर्वक, कर्म पथ पर जो कदम रखता है, चिन्तन पूर्वक जो कार्य करता है, उससे जीवन में आनंद मंगल के स्वर्ण कमल खिलते ही हैं। एक दरिद्रता है, जिसे हम दरिद्रता के रूप में ही जानते हैं और कहते भी हैं। वह दरिद्रता है धन-वैभव की, ऐश्वर्य की, भौतिक साधनों की। भगवान महावीर ने अपरिग्रह की बात अवश्य कही है, परन्तु दरिद्रता का उपदेश नहीं दिया। अपरिग्रह का अर्थ है जो मन में पदार्थों के प्रति आसक्ति है, ममता है, उन्हें बटोरने की तृष्णा लालसा है और अर्थ को ही सब-कुछ समझने की मिथ्या दृष्टि है, उसका परित्याग करना। जीवन जीने के लिए साधन एवं सम्पत्ति एक सीमा तक आवश्यक है। जीवन का आदर्श सम्पत्ति की सीमा करना तो है, परन्तु भिखारी होना, दरिद्र होना और दर-दर भीख माँगकर जीना नहीं है। जीवन में ऐश्वर्य का भी अर्थ है तथाकथित कुछ गुरू कहते रहते हैं कि इन पुद्गलों का, धन सम्पत्ति का कोई अर्थ नहीं है। वैभव ऐश्वर्य पतन का कारण है। पर, यह किसके लिए पतन का कारण है? जो पापाचार में रत है, भोग विलास में आसक्त है, जिनकी अन्दर की आँखें खुली नहीं है और जो सम्यक् रूप से न तो लक्ष्मी का उपार्जन करना जानते हैं, न उसका संरक्षण करना जानते हैं और न उसका उपयोग एवं उपभोग करना, उनके लिए ऐश्वर्य पतन का कारण है। परन्तु जिनके अंदर की आँख खुली है, उनके लिए ऐश्वर्य भी जीवन विकास में सहायक है।

यदि दरिद्रता जीवन का आदर्श होती, तो भगवान आनंद श्रावक को व्रत स्वीकार कराते समय कहते - हे देवानुप्रिय ! तू बारह करोड़ सोनैया क्यों रखता है ? ऐश्वर्य तो पाप है। सब कुछ छोड़कर दरिद्र बन जा परन्तु, महाप्रभु ने कहीं भी ऐसा नहीं कहा। और तो और, जब वे गर्भ में आये तब उनकी माता त्रिशला ने १४ स्वप्नों में से चौथे स्वप्न में महालक्ष्मी का स्वप्न देखा। वह सूचना देता है कि वह अनंत ऐश्वर्य का स्वामी होगा। वह अंदर की अनंत विभूति भी प्राप्त करेगा और बाहर के वैभव से भी सम्पन्न होगा। आप भगवान महावीर का वर्णन पढ़ते हैं, वे स्वर्ण सिंहासन पर बैठते थे, उनके ऊपर तीन छत्र रहते थे, दोनों ओर इन्द्र-इन्द्राणियाँ, देव-देवियाँ, राजा और रानियाँ तथा साधारण जन की ओर से यथाप्रसंग चंवर ढलते रहे हैं। कितना बड़ा ऐश्वर्य। छत्र भी एक नहीं, एक के ऊपर एक करके तीन हैं। ताप निवारण के लिए एक ही छत्र पर्याप्त है, फिर तीन छत्र क्यों ? यहाँ ताप निवारण का कोई हेतु नहीं है, वे तो प्रतीकात्मक हैं। तीन छत्र यह सूचित करते हैं कि भगवान तीन लोक के स्वामी हैं। हाँ तो, उनके सिर पर तीन छत्र हैं, देव दुंदुभियों का निर्घोष हो रहा है। दिन रात हजारों हजार पताकाएँ लहरा रही हैं। और समवसरण में बैठे हैं, तब भी देव पुष्पों की वर्षा करते हैं। जो भी देव आता है, फूल

बरसाता आता है और यह फूलों का कितना ढेर, घुटनों-घुटनों तक । मैंने एक दिन कहा था ऐश्‍वर्य के, बाह्य परिग्रह के शिखर पर बैठकर तीर्थंकर महावीर ने उपदेश किस का दिया ? अपरिग्रह का । कमाल है, आश्‍चर्य है, जादू है कि कितनी ऊचाँई पर है वह जीवन । बाहर में इतना बड़ा भोग होते हुए भी अंदर में कुछ भी नहीं । बाहर में कुछ भी रहा हो, अंदर में पूर्ण रूप से अपरिग्रही । जीवन का आदर्श भीख माँगना नहीं है । जीवन का अर्थ सब कुछ प्राप्त करके भी अंदर में कमल पत्र की तरह पूर्णत: निर्लिप्त रहना । अनन्त जलराशि से भरे पूरे सागर में गोता लगाकर सूखे निकल आओ । यह जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका है । दरिद्रता तो दरिद्रता है, वह बाहर की हो या अन्दर की । दरिद्रता से बढ़कर कोई पाप नहीं है - 'न दारिद्रयात् पातकं महत् ।'

सबसे भयंकर दरिद्रता है 'आध्यात्मिक दरिद्रता', जिसका अर्थ है हमारा मन सद्‍गुणों से खाली पड़ा है। चित्त में, मन में न अहिंसा की भावना उद्‍बुद्ध होती है, न दया की, न करूणा की भाव ज्योति जगती है, किसी भी दु:खी पीड़ित व्यक्ति को देखकर, जरा अन्तर्हृदय से सोचें कि किसी गरीब, असहाय एवं दु:खी व्यक्ति के प्रति कभी कुछ अर्पण करने की भावना आपके हृदय में जगती है या इधर उधर से सब कुछ समेटने में ही लगे रहते है । यदि सिर्फ समेटते ही रहते हैं तो यह मन की, भावना की दरिद्रता है । और, यह दरिद्रता बाहर के वैभव की दरिद्रता से भी कहीं अधिक भीषण है । ऐसे मन के दरिद्र लोग न परिवार के लिए समय पर कुछ कर सकेंगे, न समाज, संघ और राष्ट्रहित के लिए ही कुछ कर पायेंगे । मैंने तो यहाँ तक देखा है, कि वे और तो क्या अपने तन के लिए भी कुछ नहीं कर पाते है । आस-पास के दूसरे लोग कहते हैं कि इसके पास काफी वैभव है, लेकिन उनके शरीर की हालत देखो तो ऐसी है कि मानों ये कई जन्मों के दरिद्री हों । जिनके सम्बन्ध में कहा गया है 'पुनद् दरिद्र: पुनरेवा पापी' अर्थात् पापी दरिद्र होता है और यह मन का दरिद्र फिर पापी होता है । यह परम्परा अनेकजन्मों तक चलती रहती है, जब तक अन्तर् ज्योति जागृत नहीं हो । इस प्रकार मन की दरिद्रता दूर होनी चाहिए। वस्तुत: दरिद्रता एक अपराध है, गुनाह है, पाप है भले ही वह तन की दरिद्रता हो, मन की दरिद्रता हो, बुद्धि की दरिद्रता हो या धन की दरिद्रता हो । क्योंकि पूर्व पाप के उदय से ही व्यक्ति दरिद्र होता है । और दरिद्रता के कारण न तो वह स्वयं अपने जीवन का आनंद ले सकता है और न वह परिवार, समाज एवं राष्ट्र को ही यथोचित आनन्द दे सकता हैं ।

इस दृष्टि से हम विचार करेंगे कि आज का यह महापर्व ज्योति पर्व है । अनंत ज्योतिर्मय ज्ञान लक्ष्मी की उपासना का पर्व है । दीपावली पर्व एक वर्ष के पश्‍चात् प्रकाश का संदेश लेकर आता है । यह ज्योति पर्व अन्दर और बाहर की दरिद्रता को तोड़ने के लिए है । महाप्रभु महावीर और उनके महान शिष्य गुरू गौतम का पावन स्मरण है । जिनके जीवन की स्मृतियाँ इस पर्व के साथ संबद्ध है, आनंद का स्तोत्र है । उनका स्मरण जीवन में परम प्रसन्नता की गंगा बहा देता है । और यह स्मरण हमारे इस जीवन को ही नहीं, जन्म-जन्मांतरों की दरिद्रताओं को समाप्त कर सकता है । उन महाप्रभु के चरणों में हम भावना रखते हैं ।

''सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्‍चिद् दु:खभाग् भवेत्।।''

धरती के सभी प्राणी सुखी हों सभी प्राणी तन और मन के रोग से मुक्त हों, सब भद्र अर्थात् मंगलकल्याण के दर्शन करें, किसी को भी कोई दु:ख और पीड़ा न हो । सबकी आँखों में आनंद की ज्योति प्रज्वलित हो । इस संसार का कोई प्राणी न मन से पीड़ित हो, न आध्यात्मिक अभाव से पीड़ित हो, और न भौतिक अभाव से पीड़ित हो वह दोनों ही तरह की समृद्धि प्राप्त करें । ●